**1774. राजस्थान में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) में 01 अप्रैल, 1999 से निम्न में से विकास कार्यक्रम शामिल किए गए?**

1. समन्वित ग्रामीण विकास (IRDP) तथा ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण (TRYSEM)
2. ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास (DWCRA) तथ्रा औद्योगिक औजार सप्लाई (SITRA)
3. गंगा कल्याण योजना (GKY) तथा मिलियन कुआँ स्कीम (MWS)
4. जवाहर रोजगार योजना JRY)

**कूट-**

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1
(c) 1, 2 और 4 (d) 1 और 4

**Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016**

**Ans. (a)** स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) का शुभारम्भ 1 अप्रैल-1999 से हुआ। SGSY के तहत निम्न विकास कार्यक्रम सम्मिलित किये गये।
(i) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP)
(ii) स्वरोजगार के लिए ग्रामीण युवाओं का प्रशिक्षण (TRYSEM)
(iii) ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों का विकास (DWCRA)
(iv) ग्रामीण कारीगरों को उन्नत औजारों की सप्लाई (SITRA)
(v) गंगा कल्याण योजना (GKY)
(vi) मिलियन कुआँ योजना (MWS)

• राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम व ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी कार्यक्रम को मिलाकर शुरू की गयी 'जवाहर रोजगार योजना जो 1 अप्रैल, 1989 को आरम्भ हुई। यह योजना SGSY में सम्मिलित नहीं है।

**1775. सी. रंगराजन विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट, 2014 के अनुसार वर्ष 2011-12 में राजस्थान की कुल जनसंख्या में लगभग कितने व्यक्ति निर्धन आँके गए हैं-**

(a) 90 लाख (b) 1.51 करोड़
(c) 1.12 करोड़ (d) 2.35 करोड़

**Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016**

**Ans. (b)** डॉ. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में गरीबी के मापन के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। इस विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में ग्रामीण (112 लाख) व शहरी (39.5 लाख) गरीबी का आकड़ा 1.51 करोड़ है।

• रंगराजन रिपोर्ट के तहत ग्रामीण गरीबी व शहरी गरीबी के लिए दैनिक प्रति व्यक्ति खर्च 32 रूपये व 47 रूपयें है।

**1776. सुरेश तेंदुलकर विधि के अनुसार राजस्थान के लिए परिकलित निर्धनता अनुपातों से प्राप्त कौन से निष्कर्ष सही है-**

1. राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धनता अनुपात 2009-10 से 2011-12 के बीच 10.3 प्रतिशत बढ़ा है।
2. राज्य के शहरी क्षेत्रों में निर्धनता अनुपात 2009-10 से 2011-12 के बीच 9.2 प्रतिशत घटा है।
3. राज्य में दोनों वर्षों 2009-10 व 2011-12 में निर्धनता अनुपात भारत की तुलना में घटे हैं।
4. 2011-12 में निर्धनता अनुपात राजस्थान में 14.7 प्रतिशत तथा भारत में 21.9 प्रतिशत आँका गया।

**कूट -**

(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 2, 3 और 4

**Ans. (d) -** गरीबी के आकलन के लिए वर्ष 2005 में सुरेश तेंदुलकर की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया। रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में गरीबी आकड़ा निम्न हैं-

| | **ग्रामीण क्षेत्र** | **शहरी क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 2009–10 में गरीबी आंकड़ा | 26.40% | 19.90% |
| वर्ष 2011–12 में गरीबी आंकड़ा | 16.05% | 10.69% |
| आंकड़ों में परिवर्तन | –10.35% की कमी | –9.21% की कमी |

• वर्ष 2009–10 व 2011–12 में निर्धनता अनुपात भारत की तुलना में घटी है।

• वर्ष 2011–12 में निर्धनता अनुपात राजस्थान में 14.7% व भारत में 21.9% आँका गया है।

**1777. निम्नलिखित में से कौन सा जिला बीसलपुर परियोजना से सीधे लाभ प्राप्त नहीं कर रहा है?**

(a) टोंक (b) सवाई माधोपुर
(c) अजमेर (d) जयपुर

**अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)**

**Ans. (b)** बीसलपुर परियोजना राजस्थान की सबसे बड़ी पेयजल परियोजना है। यह परियोजना बनास नदी पर टोंक जिले के टोडा रामसिंह कस्बे में स्थित है। इससे दो नहरें निकाली गई है। इस परियोजना से, टोंक, अजमेर, तथा जयपुर में जलापूर्ति की जाती है।

**1778. राजस्थान में 'पुष्टिकर' का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से है?**

(a) विद्युत (b) स्वास्थ्य
(c) जल (d) खनिज

**अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)**

**Ans. (b)** राजस्थान में 'पुष्टिकर' का संबंध स्वास्थ्य से है। इस योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरत मंद लोगों को आराम देह वातावरण में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में यह योजना इंदिरा रसोई के नाम से चलाई जा रही है। इसी प्रकार की योजना इसके पहले अन्नपूर्णा रसोई के नाम से चलाई जा रही थी।

**1779. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के वित्त पोषण में वर्ष 2015-16 से राजस्थान सरकार का हिस्सा है-**

(a) 40% (b) 60%
(c) 75% (d) 25%

**अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)**

**Ans. (a)** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में वर्ष 2007 –08 में प्रारम्भ किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2015–16 के दौरान वित्त पोषण पैटर्न में परिवर्तन कर दिया है। वर्ष 2015–16 में केन्द्र तथा राज्य का अनुपात 60–40 हो गया। अतः वर्ष 2015–16 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के वित्त पोषण में राजस्थान का हिस्सा 40 प्रतिशत है।